आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :352 पृष्ठ -4 दिनांक 26 दिसम्बर 2024 दिन बुधवार

# यूपी में अधिकारियों से मिलने गए तो अब नहीं ले जा सकेंगे उपहार

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने को शाहजहांपुर में विभिन्न विकास योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि अधिकारियों से मिलने आने वाले लोगों को फूल और गुलदस्ते लाने की बजाय फल, पोषण पोटली, तिल और बाजरे के लड्डू लाने चाहिए और उन्हें टीबी रोगियों में वितरित किया जाना चाहिए. राजभवन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक राज्यपाल ने मंगलवार को शाहजहांपुर में विभिन्न विकास योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की.पटेल ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा, श्श्अधिकारियों से मिलने आने वाले लोगों को फूल और गुलदस्ते लाने की बजाय फल, पोषण पोटली, तिल और बाजरे के लड्डू लाने चाहिए, जिन्हें टीबी (क्षय रोग) रोगियों में वितरित किया जाना चाहिए.श्श उन्होंने टीबी रोगियों को अंगीकृत करने के लिए औद्योगिक क्षेत्र, संगठनों और बैंकरों को प्रेरित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया. पटेल ने निर्देश दिये कि एक अप्रैल तक सभी स्कूल जाने वाले बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए. राज्यपाल ने स्वास्थ्य, शिक्षा और बाल विकास विभाग को अपने–अपने विभागों की प्रगति को आपस में साझा करते हुए आवश्यकतानुसार समन्वय से कार्य करने तथा संयुक्त रूप से एक ऐप विकसित कर योजनाओं की निगरानी करने के निर्देश दिए.स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने गर्भवती महिलाओं के सरकारी और निजी अस्पतालों में प्रसव का डेटा एकत्र करने तथा घरों के बजाय अस्पतालों में प्रसव सुनिश्चित करने के



प्रयास करने पर भी जोर दिया.एचपीवी वैक्सीन लगाने के निर्देश राज्यपाल ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के आंकड़ों का विश्लेषण करने को कहा ताकि चिकित्सा सुविधाओं के बावजूद मृत्यु दर के कारणों का पता लगाया जा सके.उन्होंने अधिकारियों को नौ से 14 वर्ष की बालि. काओं को कैंसर से बचने के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाने के निर्देश दिए. पटेल ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की बालिकाओं को अपने आवास पर भोजन उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की तथा इसे अन्य जिलों में भी लागू करने का सुझाव दिया.

## पूर्व केंद्रीय मंत्री को BJP ने नहीं दिया था टिकट



उत्तरप्रदेश 18वीं लोकसभा के गठन के लिए इस साल अप्रैल से जून 2024 के दौरान हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश स्थित गाजियाबाद लोकसभा सीट से सांसद रहे जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह का टिकट काट दिया था. बाद में कई मौकों पर वीके सिंह का दर्द छलका. बीते दिनों जब वह यूपी के मऊ आए थे तब भी उन्होंने पत्रकारों से वार्ता में कहा था कि जा. तिगत समीकरणों की वजह से उनका टिकट कट गया था. हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट किया था कि पार्टी को जिम्मेदारी देगी उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा.भले ही उन्हें गाजियाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से बीजेपी ने टिकट नहीं दिया लेकिन वह चुनाव प्रचार में जुटे रहे. इतना ही नहीं लोकसभा चुनाव के दो महीने बाद संपन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने पूरे प्रदेश को मथा और चुनाव प्रचार किया.वीके सिंह को अब उनकी मेहनत और सब्र दोनों का फल मिला है. उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मिजोरम राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया है. वीके सिंह ने साल 2014 की मार्च में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थई. इसके बाद वह गाजियाबाद

लोकसभा सीट से पहली बार चुनाव जीते. साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने उन पर गाजियाबाद सीट पर भरोसा जताया और उन्होंने जीत हासिल की थी. साल 2014 में केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद उन्हें विदेश राज्य मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की जिम्मेदारी दी गई.सेना में सेवा के लिए मिल चुका है मेडलमई 2019 में संपन्न हुए लो. कसभा चुनावों में दोबारा जीत कर आई मोदी सरकार में वीके सिंह सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री बने और जून 2024 तक इस पद पर रहे. मोदी सरकार में वह 2 साल तक सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भी रहे.सेना में अपनी सेवाओं के लिए जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह को परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, युद्ध सेवा मेडल भी मिला था.

## हल्द्वानी में नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म, पुलिस DNA जांच से खोजेगी नवजात का पिता




नैनीताल जिले के हल्द्वानी में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की द्वारा बच्चे को जन्म देने के मामले ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है. इस मामले में अब पुलिस ने नवजात के डीएनए जांच कराने का फैसला लिया है, जिसके लिए हल्द्वानी पॉक्सो कोर्ट ने अनुमति दे दी है. यह जांच नवजात के पिता की पहचान और इस संवेदनशील मामले की गुत्थी सुलझाने में अहम साबित हो सकती है.यह मामला 18 दिसंबर को तब सामने आया, जब हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में एक नाबालिग लड़की को पेट दर्द की शिकायत पर उसके परिजन लेकर पहुंचे. अस्पताल में डॉक्टरों की जांच में पता चला कि लड़की गर्भवती है और उसने कुछ ही समय बाद एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया.अस्पताल प्रबंधन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए इसकी जानकारी पुलिस को दी. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी. हालांकि, नाबालिग लड़की और उसकी मां ने इस बारे में कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया.जानकारी न मिलने के बावजूद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया. मुखानी थाना प्रभारी विजय मेहता के अनुसार मामले की जांच के दौरान कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई है लेकिन अब तक पुलिस को ऐसा कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे आरोपी का पता चल सके.हल्द्वानी पॉक्सो कोर्ट से मांगी क्छ। जांच की अनुमतिइस मामले में पुलिस ने नवजात बच्चे के डीएनए जांच कराने का निर्णय लिया. पुलिस ने हल्द्वानी पॉक्सो कोर्ट से इसकी अनुमति मांगी, जिसे कोर्ट ने मंजूरी दे दी. जांच का जिम्मा एसआई दीपा जोशी को सौंपा गया है. उन्होंने बताया कि नाबालिग लड़की और उसके परिवार से कई बार पूछताछ की गई है, लेकिन वे कोई जानकारी देने को तैयार नहीं हैं.पीड़िता और उसके परिवार ने साधी चुप्पीडीएनए जांच के बाद ही नवजात के पिता का पता चल सकेगा. मुखानी थाना प्रभारी ने बताया कि सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती बच्चे के डीएनए सैंपल विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में लिए जाएंगे. जांच कर रही पुलिस टीम के लिए यह मामला चुनौतीपूर्ण बन गया है. पीड़िता और उसके परिवार की चुप्पी ने इस केस को और उलझा दिया है. परिवार के सहयोग के अभाव में पुलिस के पास डीएनए जांच ही एकमात्र रास्ता बचा है.नाबालिग के गर्भवती होने और बच्चे के जन्म के मामले ने नैतिक और कानूनी दोनों ही दृष्टिकोण से समाज को झकझोर कर रख दिया है. नाबालिग लड़की के अधिकारों की रक्षा और अपराधी को सजा दिलाने के बीच पुलिस को बेहद संवेदनशीलता से काम करना होगा.सभी की निगाहें डीएनए रिपोर्ट पर नाबालिगों से जुड़े यौन अपराधों के मामलों में पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम से. क्सुअल ऑफेंसेस) एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है. इस एक्ट के तहत अपराधी को कड़ी सजा दी जाती है. अब सभी की निगाहें डीएनए रिपोर्ट पर हैं, जो इस मामले को सुलझाने में निर्णायक साबित हो सकती है, पुलिस ने जांच को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से अंजाम देने का आश्वासन दिया है.पुलिस की जांच से पता चलेगा पूरा सच इस पूरे मामले ने समाज में जागरूकता बढ़ाने और नाबालिगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है. पुलिस की जांच और कोर्ट के फैसले के बाद ही इस संवेदनशील मामले का पूरा सच सामने आएगा.

## क्रिसमस डे के दिन मची ट्री और सांता ड्रेस की धूम

धौलपुर– क्रिसमस को लेकर शहर के गिरिजाघरों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं. घरों में कैरल गाए जा रहे हैं. पकवानों और केक बनाने की तैयारी हो चुकी है. ईसाई धर्म वाले लोग अपने घरों को सजाने में जुटे हैं. वहीं बाजार में क्रिसमस ट्री से लेकर घर की सजावट का सामान और सांता क्लॉज की बिक्री प्रारंभ हो गई है. प्रभु यीशु के जन्म के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले इस पवित्र पर्व के लिए धौलपुर के चर्चों को आकर्षक रोशनी और रंग–बिरंगी सजावट से सजाया जा रहा है, जिसको लेकर तैयारियां भी प्रारंभ हो गई हैं.कैरल गायन की विशेष परंपराशहर के मसीही समाज में क्रिसमस को लेकर उत्साह का माहौल है. हर आयु वर्ग के लोग इस विशेष दिन को अपने तरीके से मनाने की तैयारियों में जुटे हैं. चर्च जाने वाले लोग घर–घर जाकर कैरल गीत गा रही हैं. ये युवा प्रभु यीशु के जन्म का संदेश लेकर मसीही परिवारों के बीच पहुंच रहे हैं. जिन घरों में सितारे लगे हुए हैं, वहां कैरल गायन की विशेष परंपरा का पालन किया जा रहा है. क्रिसमस से पहले ही शहर में पकवानों और केक बनाने की तैयारी हो चुकी है. लोग नए कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं और अपने घरों को भी सजाने में जुटे हैं.बाड़ी रोड, दुर्गा कालोनी और भामतीपुरा स्थित चर्चों में विशेष तैयारियां हो चुकी है. वहां क्रिसमस के दिन विशेष पूजा के साथ विशेष प्रार्थना भी की जाएगी. ईसाई समाज में क्रिसमस को लेकर उत्सुकता और उल्लास का माहौल बना रहता है. छोटे सांता भा रहे बच्चों को बाजार में क्रिसमस के मौके पर दुकानें में घर की सजावट से लेकर क्रिसमस ट्री और सांताक्लाज की ड्रेस को बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं. घर की सजावट में जहां चमकदार लडियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं, तो वहीं छोटे–छोटे सांता हर किसी का मन लुभा रहे हैं. क्रिसमस ट्री को तो लोग अधिकतर खरीदते ही हैं, क्योंकि इस दिन क्रिसमस ट्री को शुभ मानते हैं. दुक. ानों पर छोटे सांता 20 रुपए से लेकर 50 रुपए में बिक रहे हैं, तो वहीं किसमस ट्री 180 रुपए में ही उपलब्ध हैं. सांता की बच्चों वाली ड्रेस जहां 220 रुपए में मिल रही है, तो वहीं बड़े सांता वाली ड्रेस 500 रुपए में बिक रही है.

## आगरा में 27 और 28 दिसंबर को बारिश होने के आसार



आगरा में सोमवार को हुई बूंदाबांदी का असर मंगलवार को रहा और सर्दी कुछ और बढ़ गई। दिन में कुछ समय के लिए हल्की धूप निकली लेकिन इससे राहत नहीं मिली।मौसम विभाग का पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार बुधवार को क्रिसमस के दिन सुबह कोहरा छाने की संभावना है। 27 और 28 दिसंबर को एक बार फिर से बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1.4 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2.5 डिग्री कम है। बंद कमरे में न जलाएं अंगीठी, कोहरे में न चलाएं वाहन शीतलहर शुरू हो गई है। तापमान में लगातार गिरावट के बाद मंगलवार को जिला प्रशासन ने 'बंद कमरे में न जलाएं अंगीठी, कोहरे में न चलाएं वाहन' स्लोगन के साथ एडवाइजरी जारी की है।

## चार सदस्यीय टीम ने ईओ और पालिकाध्यक्ष के बयान दर्ज किए




गजरौला (अमरोहा) ।पालिकाध्यक्ष व ईओ के बीच चल रहे विवाद और सभासदों की ओर से पालिकाध्यक्ष व उनके पति पर लगाए गए आरोपों की जांच करने मंगलवार को टीम गजरौला पहुंची। चार सदस्यीय टीम ने पालिकाध्यक्ष, ईओ और सभासदों के बयान दर्ज किए। शिकायतों के सबूत मांगे। उधर जांच टीम के सामने ही कुछ सभासदों ने उनके वार्ड की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।पालिका के सभासदों ने कमिश्नर और डीएम से शिकायत की थी। जिसमें पालिकाध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी व उनके पति पूर्व विधायक हरपाल सिंह पर पालिका में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने सहित कई आरोप लगाए थे। उधर, पालिकाध्यक्ष ने ईओ पर नगर पालिका के विकास कार्य में रोड़ा बनने और टेंडर न निकालने का आरोप लगाया था। ईओ ने पालिकाध्यक्ष और उनके पति पर झूठे केस में फंसाने की कोशिश का भी आरोप लगाया था। जिसकी जांच के लिए कमिश्नर ने चार सदस्य समिति गठित की। जिसमें अपर आयुक्त शशि भूषण, एडीएम न्यायिक माया शंकर यादव, मुख्य कोषाधिकारी कुंदन झा, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता गौरव रंजन शामिल हैं।जांच समिति सदस्य मंगलवार को दोपहर बाद जांच करने आए। पालिका सभागार में बैठकर जांच समिति के अफसरों ने सभासदों अरविंद यादव, मनु शर्मा, पुष्पा चौधरी, विनीता अग्रवाल, कपिल उर्फ भानू, सरताज अहमद, राजपाल सिंह से पालिकाध्यक्ष व उनके पति पर लगाए गए आरोपों की शिकायत के सबूत मांगे। भानपुर वार्ड में जिस सड़क पर मिट्टी डाल कर 2.18 लाख रुपये निकालने की शिकायत है, उसके क्या सबूत हैं। जिस पर सबूत मुहैया कराए।मानक से कम पाए गए नाले के भी सबूत सौंपे। इसके बाद जांच टीम ने ईओ दीपिका शुक्ला से भी पूछताछ की कि जटायू मशीन का क्या प्रकरण है। इसका टेंडर क्यों नहीं निकाला जा रहा है। ईओ ने कहा कि जटायू मशीन की नगर में जरूरत नहीं है। उन्होंने जांच समिति को बताया कि पालिकाध्यक्ष पति अपने चहेते ठेकेदार को ठेका देने के लिए जटायू मशीन के टेंडर पर अड़े हैं। टीम ने पालिकाध्यक्ष, सभासदों और ईओ के बयान दर्ज किए। एडीएम ने बताया कि जांच पूरी नहीं हुई है। अगले दिन भी की जाएगी।सभासदों ने हंगामा कर उपेक्षा का लगाया आरोपकहा कि उनके वार्डअनुसूचित बाहुल हैं। जिनमें तमाम समस्याएं हैं। उनमें विकास नहीं कराए जा रहे। आरोप लगाया कि उनके साथ ईओ और अन्य कर्मचारियों का बर्ताव अच्छा नहीं रहता। हंगामा कर रहे सभासदों को किसी तरह समझा कर शांत किया।वर्जन राजेंद्री उर्फ उमा देवी, पालिकाध्यक्ष गजरौला।जांच करने आई टीम ने बयान दर्ज किए है।

रिपोर्ट डॉ आसिफ सिद्दीकी अमरोहा।

# अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर पढ़ें पीएम मोदी का आलेख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती के मौके पर एक लेख लिखा है। पीएम मोदी ने इस लेख में उनकी कई बातों को उजागर किया है। पीएम ने लिखा– मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूं...लौटकर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं?अटल जी के ये शब्द कितने साहसी हैं...कितने गूढ़ हैं। अटल जी, कूच से नहीं डरे...उन जैसे व्यक्तित्व को किसी से डर लगता भी नहीं था। वो ये भी कहते थे... जीवन बंजारों का डेरा आज यहां, कल कहां कूच है..कौन जानता किधर सवेरा...आज अगर वो हमारे बीच होते, तो वो अपने जन्मदिन पर नया सवेरा देख रहे होते।
श्अटल जी ने करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई पीएम मोदी ने आगे कहा, मैं वो दिन नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे पास बुलाकर अंकवार में भर लिया था... और जोर से पीठ में धौल जमा दी थी। वो स्नेह...वो अपनत्व...वो प्रेम...मेरे जीवन



का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है।आज 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है।आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है।21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाए, उसने देश को एक नई दिशा, नई गति दी। 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था। 9 साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे। लोगों को शंका थी कि ये सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी।ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल जी ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया। भारत को नव विकास की गारंटी दी। वो ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। वो भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे।टेलीकम्यूनिकेशन की दुनिया में देश को बढ़ाया–पीएम मोदी अटली जी की सरकार ने देश को आईटी,टेलीकम्यूनिक. ेशन और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया। उनके शासन काल में ही, एनडीए ने टेक्नॉलजी को सामान्य मानवी की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया। भारत के दूर–दराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोड़ने के सफल प्रयास किये गए।

## साईभक्तों का नासिक में भीषण एक्सीडेंट, 3 की मौत, स्विफ्ट कार के उड़े परखच्चे

महाराष्ट्र के नासिक जिले मेंनागपुर–मुंबई समृद्धि महामार्ग पर भीषण हादसा हुआ है। पिंपरी फाटा में चालक के नियंत्रण खोने की वजह से स्विफ्ट कार डिवाइडर से जा टकराई। इसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार की रफ्तार तेज होने के कारण हादसा होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।बताया जा रहा है कि यह हादसा उस वक्त हुआ जब पीड़ित शिर्डी साईंबाबा के दर्शन कर घर लौट रहे थे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, मारुति स्विफ्ट ड्राइवर ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और कार डिवाइडर से टकराने के बाद विपरीत लेन में जाकर पलट गई।. हादसा मंगलवार दोपहर के आसपास इगतपुरी के पास नागपुर–मुंबई समृद्धि महामार्ग पर हुआ। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। कार की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना भयानक था। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आगे के इलाज के लिए एसएमबीटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मायावती का हर दांव हो रहा फेल! सालभर में 6 बार .बदल चुकीं जिलाध्यक्ष, फिर भी BSP का बुरा हाल

उत्तर प्रदेश के सियासी अखाड़े में कभी बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी ही सबसे अहम मानी जाती थी लेकिन बीजेपी की सरकार बनने के बाद बसपा अपने सबसे कमजोर दौर से गुजर रही है. बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के अस्तित्व को बचाने की कोशिश कर रही है. बात करें कानपुर शहर की तो यहां सालभर जिले की कमान 6 बार अलग अलग जिलाध्यक्षों को सौंपी जा चुकी है लेकिन जिस मजबूती की उम्मीद थी वो पूरी नहीं हो पाई. कानपुर में दलित वोटरों की संख्या अच्छी खासी होने के बावजूद बसपा को एक बार फिर अपने रूतबे को बनाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है लेकिन उसका जमीन पर असर नहीं दिख रहा है. हाल ही में हुए यूपी उपचुनाव में कानपुर की सी. सामऊ सीट पर चुनाव हुए लेकिन इसमें बसपा तीसरे नंबर पर रही. बसपा सिर्फ तीसरे नंबर पर ही नहीं रही बल्कि पार्टी



के खाते में सिर्फ 1300 वोट ही आए. जो बसपा के लिए बेहद खराब प्रदर्शन रहा. इन नतीजों से नाराज होकर शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर से अपने जिलाध्यक्ष को बदल दिया और राजकुमार कप्तान को हटाकर नए कप्तान जयप्रकाश को कमान सौंप दी है. बसपा ने फिर से पुरानी ताकत बटोरने के लिए सालभर में छह बार जिलाध्यक्ष भी बदले लेकिन नतीजा वैसा नहीं रहा जैसा मायावती को उम्मीद थी. बसपा का सियासी अस्तित्व खतरे मेंकानपुर में अगर पिछले चुनावों की बात की जाए फिर चाहे वो लोकसभा हो विधानसभा हो या छोटे चुनाव एक समय ऐसा रहा जब बसपा का अपना वजूद प्रदेश के साथ शहर में भी मजबूत था. लेकिन, अब चार बार यूपी की कमान संभालने वाली मायावती की सीटें लगातार कम होती चली गईं. कानपुर शहर में भी बसपा कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है. चुनावी नतीजों से इतर जब बसपा किसी विरोध प्रदर्शन का ऐलान करती है तो बसपा समर्थकों की भारी भीड़ दिखाई देते हैं लेकिन, उसका असर चुनाव में दिखाई नहीं देता और न ही पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ पा रहा है. लोकसभा चुनाव से लेकर सी. सामऊ उपचुनाव में बीएसपी ने अपना प्रत्याशी भी उतरा था लेकिन न तो चुनाव के दौरान जनता के बीच प्रत्याशी दिखा और न ही कोई खास प्रचार किया. फिलहाल कानपुर में बसपा के कम होते वजूद की गवाही लगातार शहर में जिलाध्यकों के नाम नए–नए नाम ओर उनके पदभार को देखकर लगाया जा सकता है लेकिन साल भर में छह जिलाध्यक्षों बदलने के बाद भी पार्टी कोई कमाल क्यों नहीं दिखा पा रही है. जिसने बसपा की चिंताएं और बढ़ा दी हैं.

## क्रिसमस पर अरविंद केजरीवाल का सेंटा अवतार, दिल्ली वालों को दी अनोखी बधाई, जानें क्या दिया संदेश?




दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच सियासी जंग चरम पर है. सभी दलों के नेता अपनी पार्टी की चुनावी जीत सुनिश्चित करने के लिए एक–दूसरे पर बढ़ चढ़कर आरोप लगा रहे हैं. इस बीच श्क्रिसमसश डे के अवसर पर दिल्ली के मतदाताओं के बीच पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल श्सेंटा अवतारश में नजर आए. दरअसल, क्रिसमस के दिन अरविंद केजरीवाल का सभी के सामने श्सेंटा अवतारश में सामने आना चौंकाने वाला है. इसको लेकर आम आदमी पार्टी ने एक्स पोस्ट पर कुछ सेकेंड का एक वीडियो सभी से साझा किया है. इस वीडियो में आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल श्सेंटा के लिबासश में दिखाई दे रहे हैं. आप की ओर से जारी इस वीडियो की खासियत यह है कि पार्टी के नेताओं ने न केवल अरविंद केजरीवाल को क्रिसमस पर रोचक अंदाज में सभी को बधाई देते हुए दिखाया है बल्कि पार्टी के सभी एजेंडे को इसके जरिए सामने लाने का काम पार्टी के नेताओं ने किया है. केजरीवाल का यह तरीका बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं को सरप्राइज करने वाला है. श्क्रिसमसश पर केजरीवाल का अनोखा उपहार सेंटा अवतार में अरविंद केजरीवाल फ्री बिजली, फ्री पानी, म. हिलाओं के लिए फ्री डीटीसी बस सेवा, फ्री स्वास्थ्य सुविधा, संजीवनी स्कीम और दिल्ली सीएम महिला सम्मान योजना को दिल्ली वालों को क्रिसमस पर बतौर गिफ्ट देते नजर आ रहे हैं. वीडियो के जरिए मतदाताओं को उन्होंने साफ संदेश दिया है कि अगर आप के पक्ष में मतदान किया तो जनहितैषी सभी योजनाएं आगे भी जारी रहेंगी. ऐसा न करने पर बीजेपी इसे बंद कर देगी.

## पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी पर लखनऊ यूनिवर्सिटी में होगा .अध्ययन, इन बातों पर होगा जोर


लखनऊ यूनिवर्सिटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्वाचन क्षेत्र और लोकसभा सीट वाराणसी के आर्थिक और नागरिक सुविधाओं के विकास पर अध्ययन करने की तैयारी की है. यूनिवर्सिटी के प्रबंधन और वाणिज्य विभाग के शिक्षकों की ओर से ये एक साझा पहल की गई है. जिसके तहत पूरे क्षेत्र को चार हिस्सों को बांटा गया है जिसके आधार पर अध्ययन किया जाएगा. लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार केनेतृत्व में प्रबंधन विभाग के शिक्षकों और संकाय के सदस्यों के दौरे के साथ ही इसकी औपचारिक शुरुआत हो चुकी है. शिक्षकों ने अपने दौरे में विकास से जुड़े पक्षों की जानकारी ली और उन्हें चार श्रेणियां में कनेक्टिविटी को मजबूत करना और बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य और चिकित्सा सुविधा को बढ़ावा देना, औद्योगिक और अन्य संबंधित गतिविधियों में बांटा गया है. पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र पर होगा अध्ययनप्रोफेसर आलोक कुमार ने बताया कि समग्र कल्याण में योगदान देने के लिए शिक्षाविदों को उद्योग और समाज से जोड़ने के प्रयास में, लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में की गई विकास की पहलों के कारण वाराणसी के नागरिकों और समाज को मिलने वाले आर्थिक लाभों का आंकलन करने का काम शुरू किया है. पहले दौरे के बाद आई प्रारंभिक रिपोर्ट में टीम ने निष्कर्ष निकाला कि एक समग्र योजना की पहचान की गई है और उसे क्रमिक ढंग से लागू किया गया है. जिससे न केवल देश के बाकी हिस्सों के साथ वाराणसी की कनेक्टिविटी बढ़ी है, बल्कि श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और शहर में अन्य धार्मिक महत्व के स्थानों की पहल के साथ शहर के बुनियादी ढांचे को लगातार बढ़ती हुई अस्थिर आबादी को संभालने में सक्षम बनाया गया है. वाराणसी को बीएचयू और रेलवे अस्पताल में चिकित्सा बुनियादी ढांचे को विकसित करने और मजबूत करने पर भी काफी प्रोत्साहन मिला है. इससे उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और नेपाल की आबादी को मदद मिली है. बनारसी सिल्क उद्योग, लकड़ी के खिलौने उद्योग सहित ग्रामीण और कुटीर उद्योग को मजबूत करने के लिए एक व्यवस्थित प्रयास भी शुरू किया गया है. इसके साथ ही अमूल डेयरी प्लांट की स्थापना ने डेयरी उद्योग से जुड़े लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत किया है. लखनऊ विश्वविद्यालय ने वाराणसी में की गई पहलों और विकास के विस्तृत विश्लेषण के लिए अर्थशास्त्र, वाणिज्य, प्रबंधन और इसी तरह के विषयों से अलग–अलग छात्रों को शोध प्रबंध विषय आवंटित करने की योजना बनाई है.

## बस्ती महिला चिकित्सालय में फर्जी डॉक्टर का हुआ खुलासा, बीजेपी नेता रिंकू दूबे ने की शिकायत

बस्ती के महिला अस्पताल में फर्जी चिकित्सक की जानकारी का खुलासा एबीपी न्यूज ने तिया था. अब भारतीय जनता पार्टी नेता रिंकू दूबे ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जिला महिला चिकित्सालय में तैनात कथित फर्जी डिग्री के आधार पर नियुक्त डा. आशुतोष शर्मा को दूरस्थ स्थानांतरित करते हुए उनकी डिग्री की अन्य विभाग से जांच कराये जाने व उनके संरक्षण देने वाले संलिप्त अधिकारियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग किया है.ज्ञापन में भाजपा नेता रिंकू दूबे ने कहा है कि उन्हें पता चला है कि जिला महिला चिकित्सालय बस्ती में रेडियोलॉजिस्ट के पद पर नियुक्त डॉ. आशुतोष शर्मा ने एमडी रेडियोडायग्नो. सिस का तीन वर्षीय कोर्स आनलाइन मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रदर्शित करके धोखे से पद प्राप्त किया व वर्तमान अधीक्षक डॉ. अजय कुमार वर्मा से सां. ठगांठ करके अल्ट्रासाउंड मशीन के सापेक्ष अपना पीसीपीएनडीटी रजिस्ट्रेशन करा लिया. जबकि ऐसी कोई डिग्री इनके पास नहीं है.इस तरह का कृत्य जनता और सरकार के साथ बड़ा धोखा हैइस प्रकार खेल करके सरकार व जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा किया जा रहा है. अपने बचाव के लिए इन्होने अधीक्षक से प्रार्थना पत्र प्रमाणित करा कर अपने पास रख भी लिया है कि उनका डिप्लोमा पीसीपीएनडीटी के सुसंगत नियमों को पूर्ण करने में सक्षम नहीं है. इसी क्रम में अधीक्षक ने भी एक मार्गदर्शन पत्र निदेशालय को माह अगस्त 2024 में प्राप्त कराकर प्रति अपने पास सुरक्षित रख लिया जिससे कि जांच–पड़ताल में दोनों लोग अपनी जान बचा सके व अपने जालसाजी पर पर्दा डाल सकें.डीएम को ज्ञापन देने के बाद भाजपा नेता रिंकू दूबे ने बताया कि उनके द्वारा मुद्दा उठाये जाने पर भेद खुलने के डर से डॉ. आशुतोष ने अधीक्षक की मिलीभगत से मानव सम्पदा पर आनलाइन प्रदर्शित डाटा में बदलाव किया है. नये डाटा के अनुसार उन्होंने ग्लोबल मुक्त विश्वविद्यालय नागालैण्ड से सोनोग्राफी का पत्राचार कोर्स किया है. विश्वविद्यालय से सम्पर्क करने पर पता चला कि उनके द्वारा इस तरह का कोई कोर्स नहीं कराया जाता. जबकि ऐसे पत्राचार कोर्स की मान्यता न तो मेडिकल काउंसिल आफ इंण्डिया देता है और न ही पीसीपीएनडीटी अधिनियम. उन्होंने जब ऑनलाइन अपनी डिग्री व योग्यता ही बदल लिया तो बिना पर्याप्त डिग्री के अपने पद पर कैसे बने रह सकते हैं. इसमें बहुत बड़ा खेल है और जिम्मेदार लोगों ने निजी स्वार्थ हेतु बात को दबाये रखा है.भाजपा नेता ने कड़ी कार्रवाई की मांग कीभाजपा नेता रिंकू दूबे ने बताया कि जिला महिला चिकित. सालय बस्ती में ही शासन से चयनित व नियुक्त होकर डॉ. विमल कुमार द्विवेदी ने अपना ट्रेनिंग डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस, लखनऊ से पूर्ण किया है व डिग्री लेकर वहीं तैनात हैं परन्तु उनका अल्ट्रासाउंड मशीन के सापेक्ष न तो रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है और नहीं उनसे कार्य लिया जा रहा है. मांग किया है कि डॉ. आशुतोष वर्मा का स्थानान्तरण दूरस्थ किया जाए जिससे जांच प्रभावित न हो व उनका अन्य विभाग के प्रशासनिक अधिकारी जैसे कि मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती से पारदर्शी तरीके से जांच कराई जाए और सच्चाई पाये जाने पर उनके विरूद्ध व उनके इस कृत्य में संलिप्त अधिकारी पर भी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए.

## कॅरिअर गाइडेंस मेले से दें सपनों को नई उड़ान डीएम

अमरोहा। राजकीय इंटर कॉलेज में माध्यमिक समग्र शिक्षा की ओर से जिलास्तरीय कॅरिअर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आकर्षक मॉडल भी प्रस्तुत किए। इनकी डीएम ने सराहना की। कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत डीएम निधि गुप्ता वत्स व सीडीओ अश्वनी मिश्रा ने की। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने कॅरिअर सामग्री से संबंधित स्टॉल लगाई। डीएम ने बच्चों को जीवन जीने की सीख देते हुए कहा कि किसी भी मुकाम तक पहुंचने के लिए संघर्ष एवं परिश्रम की आवश्यकता होती है। कॅरिअर गाइडेंस मेले के माध्यम से जो प्लेटफार्म दिया गया है, उससे प्रेरणा लेकर अपने सपनों की नई उड़ान का संकल्प लें।सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा ने कहा कि हम बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिश्रम करेंगे तो वह मंजिल निश्चित ही प्राप्त होती है। मेले में विद्यार्थियों ने अपने सपनों को चार्ट पेपर, मॉडल एवं अपनी वेशभूषा के रूप में उकेरा है। एएसपी राजीव सिंह ने बच्चों को पुलिस से संबंधित नौकरियों के बारे मेंमार्गदर्शन किया। पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश चंद्रा और डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह ने कहा कि इंटर के बाद विद्यार्थी को कॅरिअर संबंधी टिप्स दिए। समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक मदनपाल सिंह ने यूपी पंख पोर्टल के बारे में जानकारी दी। निर्णायक मंडल के अनुसार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हसनपुर पहले, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज गजस्थल दूसरे व राजकीय हाईस्कूल रह रई तीसरे स्थान पर रहे। डीएम ने विजेताओं को



प्रशस्तिपत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। आयोजन में प्रधानाचार्य ललित कुमार, सतीश कुमार, डॉ. धर्म सिंह, राघवा खानम, डॉ. साबिया खातून, पवन कुमार त्यागी, राजेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे। संचालन प्रीति चौधरी व डॉ. साबिया खातून ने किया

**रिपोर्ट डॉ आसिफ सिद्दीकी अमरोहा।**

# दी अलीगढ़ टैक्सेशन बार एसोसिएशन का वर्ष 2025 हेतु कार्यकरिणी का चुनाव

अलीगढ. (जननायकसम्राट) दी अलीगढ़ टैक्सेशन बार एसोसिएशन का वर्ष 2025 हेतु कार्यकरिणी का चुनाव मैरिस रोड स्थित होटल मेलरोज इंन् में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी श्री अजय कुमार गोयल एवं संयुक्त चुनाव अधिकारी श्री शमसुज्जमा द्वारा नि. विरोध चुनाव संपन्न कराया गया जिसमें डा0 राजेन्द्र कुमार गुप्ता एड.को अध्यक्ष व श्री ब्रह्मदेव शर्मा एडवोकेट को महासचिव चुना गया उप चुनाव अधिकारी श्री मनोज ओझा द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025 के लिए डा राजेन्द्र कुमार गुप्ता एड अध्यक्ष, सत्य प्रकाश शर्मा एडवोकेट उपाध्यक्ष, ब्रह्मदेव शर्मा महासचिव, नागेन्द्र सिंह एडवोकेट कोषाध्यक्ष, अनुज कुमार गुप्ता सचिव, अश्वनी वर्मा ऑडिटर,चुने गये व कार्यकारिणी सदस्यों में श्री अजय कुमार अग्रवाल, श्री बाबूराम जी, श्री के एन सक्सेना, श्री डी के उपाध्याय, श्री विमल वार्ष्णेय, श्री संजय वार्ष्णेय,श्री दीपक अग्रवाल, श्री मनदीप गुप्ता, निर्वाचित हुए इस अवसर पर पुष्कर राज अग्रवाल एड




,अभिषेक वार्ष्णेय एड, श्री मुकेश कुमार शर्मा बृजेश कुमार वार्ष्णेय, दीपक शर्मा, मनोज कुमार , पवन गुप्ता, राजकुमार शर्मा, सुरेश कुमार, सचिन जिंदल, उमेश शर्मा, विशाल शर्मा, योगेश शर्मा, माधव सिन्हा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे

## अलीगढ़ जिले में गोकशी की घटना पर हुआ बवाल

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में गोकशी की घटना पर बवाल हो गया है। एकत्रित लोगों ने जीटी रोड जाम कर वाहनों में तोडफोड़ कर दी। पिछले करीब ढाई घंटे से हाईवे जाम रहा। दरअसल, लोग आक्रोशित हैं। पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी वारदात है अलीगढ़ के गभाना क्षेत्र में गांव सुमेरपुर नाले के निकट गोकशी की घटना पर बुधवार सुबह–सुबह जिले में बवाल हो गया। एकत्रित भीड़ ने पचपेड़ा के पास जीटी रोड जाम कर वाहनों में तोडफोड़ कर दी। पिछले करीब ढाई घंटे से हाईवे जाम था और पुलिस प्रशासनिक अमला लोगों को समझाने में जुटा हुआ था। यहां ग्रामीण इस बात से आक्रोशित थे कि पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी वारदात है और पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही।वाकया बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे का है। जब सुमेरपुर गांव के नाले के सहारे लोगों को गोकशी के बाद अवशेष मिले। इस सूचना पर कुछ ही देर में लोग एकत्रित हो गए और हिंदू संगठनों के लोग भी पहुंच गए। इन लोगों ने पुलिस पर लापरवाही व आए



दिन गोकशी का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया और भीड़ नेशनल हाईवे पर आ गई और पचपेड़ा के पास हाईवे को दोनों ओर से ब्लाक कर जाम लगा दिया। कुछ ही देर में दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी लाइन लग गई। इस सूचना पर इलाका पुलिस के साथ–साथ आसपास के कई थानों का फोर्स एसपी सिटी एसडीएम आदि भी आ गए। लोगों को समझाने लगे। मगर लोग तत्काल कार्वाई की जिद पर अड़ गए। समाचार लिखे जाने तक जाम लगा था और समझाने का प्रयास किया जा रहा था।पशुओं का ट्रक कर गया आग में घी का कामजब अधिकारी समझा रहे और और जाम लगा हुआ था, तभी खुर्जा की ओर से पशुओं का एक ट्रकवहां पहुंच गया। जाम में फंसे ट्रक पर लोगों की नजर गई तो वे भड गए। इसे भी पशु कट्टी से जोड़ा गया और वहां वाहनों में तोडफोड़ कर दी गई। इस तरह करीब ढाई घंटे से जाम व हंगामा बरकरार था।

## सहकार से समृद्धि के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अलीगढ़ अलीगढ़ जिला सहकारी बैंक लिमटेड में बुधवार को सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के अन्तर्गत सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मेगा इवेंट कार्यक्रम प्रमोद वीर आर्य, उप आयुक्त एवं उप निबन्धक, सहकारिता, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ की अध्यक्षता में सराय नवाब, कोयले वाली गली, बैंक मुख्यालय में आयोजित किया गया। उक्त मेगा इवेंट कार्यक्रम में अखिलेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया।एडीएम न्यायिक अखिलेश कुमार ने कहा कि सहकारिता का उदय समाज में साहूकार व्यवस्था से मुक्त कराने के लिए हुआ। इसके साथ ही सहकारिता से किसानों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप खाद, उन्नतशील बीज, कृषि यंत्र उपलब्ध कराते हुए उनकी आय में वृद्वि कराना है। कृषि क्षेत्र मे क्रान्ति लाने में सहकारिता का विशेष योगदान है। उन्हा. ने कहा कि आज किसानों को समितियों पर विशेष एवं अटूट भरोसा है। किसान पहले समिति पर खाद बीज लेने जाता है, न मिलने की दशा में ही वह निजी दुकान की ओर रूख करता है।कार्यकम




में नवगठित समितियों बी–पैक्स घांघोली एवं बीरपुरा के मुख्य प्रर्वतकों, बहुउद्देशीय दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के सदस्यों एवं बी–पैक्स अलीगढ़ पश्चिमी, अतरौली उत्तरी, मलहपुर के सदस्यों को केसीसी, पशुपालन के लिए प्रमाण–पत्रों का वितरण किया गया। सहकार से समृद्धि कार्यक्रम अन्तर्गत बैंक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। मा० गृह एवं सहकारिता मन्त्री, भारत सरकार की अध्यक्षता में आईसीएआर, पूसा रोड, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। कृष्ण कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, जिला विकास प्रबन्धक, नाबार्ड, अपर जिला सहकारी अधिकारी, सहकारिता, बैंक के अधिकारी एवं कर्मच. ारियों तथा नवगठित समितियों के सदस्यों, बहुउद्देशीय दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के ऋणी सदस्यों एवं बी–पैक्स अलीगढ़ पश्चिमी, अतरौली उत्तरी, मलहपुर के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन बैंक के सचिव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सुनील कुमार वर्मा द्वारा किया गया। उप आयुक्त एवं उप निबन्धक द्वारा समस्त आगन्तुक महानुभावों प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## ग्लोबल बिजनेस अवार्ड छत्तरपुर के एक .होटल (देहली) में आयोजित किया गया

सासा मीडिया सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा 22 दिसम्बर 2024 को ग्लोबल बिजनेस अवार्ड छत्तरपुर के एक होटल (देहली) में आयोजित किया गया, जिसमें चीफ गेस्ट सोनू सूद द्वारा गोविंद सिंह रावत को अपने कार्य क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने के लिए ग्लोबल
बिजनेस अवार्ड से सम्मानित किया गया।
कम्पनी के डायरेक्टर कुंद्रा जी ने गोविंद सिंह रावत को शुभकामनाएँ देकर बधाई दी और उनके उज्जल भविष्य की कमाना की।



## भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म . शताब्दी समारोह का देखा गया सजीव प्रसारण

अलीगढ भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्वेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के 100वें जन्म दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में मा0 जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्वासुमन अर्पित किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण के साथ ही देश की प्रगति, आर्थिक तरक्की एवं सुशासन को दर्शाती लघु फिल्म भी दिखाई गई। प्रधानाचार्या अर्चना फौजदार ने जिला पंचायत अध्यक्ष, पीडीडीआरडीए भाल चंद त्रिपाठी ने एमएलसी डॉ0 मान. वेंद्र प्रताप सिंह एवं डीआईओएस सर्वदानन्द ने सीडीओ प्रखर कुमार सिंह का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक 18 दिसंबर से 25 दिसंबर के मध्य अटल जी एवं सुशासन विषय पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता और युवा छात्र–छात्राओं के लिए भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्तर किया गया। अतिथियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह ने कहा कि आज का दिन सभी के लिए बेहद महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। आज ही के दिन देश को नई दिशा देने वाले महापुरूष का जन्म हुआ था। उन्होंने एकता, समानता और सभी को शिक्षा, महिला सशक्तीकरण की दिशा में कार्य



करते हुए हिन्दी भाषा का परचम दूर देश में लहराया। एमएलसी डा0 मानवेंद्र प्रताप सिंह ने श्रद्वेय श्री अटल जी के व्यक्तित्व एवं राजनैतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंनेउन्होंने सुशासन देते हुए बिना किसी लोभ–लालच के देश का विकास किया। उन्होंने स्वर्णिम चर्तुभुज योजना, नदियों के जल संरक्षण जैसी विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्वेय अटल जी एक दूरदृष्टा, युगदृष्टा और विश्व विजेता थे।सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने कहा कि सुशासन सप्ताह सिर्फ सुशासन सप्ताह ही न रहे बल्कि इसके लिए हम सभी को अपने आप की कार्यशैली में सकारात्मक दिशा में बदलाव की ओर ले जाना है। प्रत्येक कर्मचारी जो जिस पटल पर है अपने कार्यों को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ पूरा करें। अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ ही कर्तव्यबोध भी होना चाहिए।कार्यक्रम में एमएड विद्यार्थी प्रभाकर मिश्रा ने अपनी मधुर वाणी से सरस्वती वंदना की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जब–जब समाज सोया है तो कवियों ने ऊर्जा भरकर फैले अंधकार को दूर किया है। पुरस्कार की श्रेखला में निबंध प्रतियो. गिता में प्राची के.एम.बी. इंटर कॉलेज, अतरौली को प्रथम, वंशराज सिंह ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल को द्वितीय, ज्योति शर्मा पटेल स्मारक इंटर कॉलेज जट्टारी को तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में ऐश्वर्या गिरि राजकीय महाविद्यालय, खैर को प्रथम, प्राची भारद्वाज वीरांगना अवतीबाई राजकीय महाविद्यालय, अत. रौली ने द्वितीय, मोनिका माहेश्वरी मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, गभाना ने तृतीय, एकल काव्य पाठ में प्रभाकर मिश्रा, धर्मसमाज महाविद्यालय ने प्रथम, प्रिया यादव जे.एल.एन. महाविद्यालय एटा को द्वितीय, शिवकुमार, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर जनप्रतिनिधियों ने पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

## पीटीए मार्ग के अलीगढ़–पलवल सेक्शन में भू–अर्जन से प्रभावित 12 ग्रामों में 26 दिसंबर से बंटेगा प्रतिकर

अलीगढ़ अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज कुमार ने बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–334 अलीगढ़–पलवल सेक्शन के निर्माण एवं चौड़ीकरण में भू–अर्जन से प्रभावित तहसील खैर के 12 ग्रामों कमशः चौधाना, अर्राना, ऐंचना, इतवारपुर, जलालपुर, लक्षमनगढ़ी, उदयगढ़ी, बांकनेर, जरारा, बुलाकीपुर, नगला अस्सू एवं हीरपुर के भू–स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित की जानी है। उन्होंने बताया कि भू–अर्जन से प्रभावित उक्त ग्रामों के भू–स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित किए जाने के लिए विभिन्न तिथियों में शिविर आयोजित किए जाने के लिए कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि चौधाना एवं उदयगढ़ी में 26 से 28 दिसंबर, अर्राना एवं लक्षमनगढ़ी में 30 दिसंबर से 01 जनवरी, ऐंचना एवं बांकनेर में 02 से 04 जनवरी, इतवारपुर एवं जलालपुर में 06 से 08 जनवरी, जरारा एवं नगला अस्सू में 09 से 11 जनवरी और बुलाकीपुर एवं हीरपुर में 13 से 15 जनवरी को शिविर लगाए जाएंगे। एडीएम प्रशासन ने तैनात किए गए क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्याप्ति अमीन एवं भूमि अध्याप्ति सहायक को निर्देशित किया है कि प्रतिकर वितरण की कार्यवाही यथाशीघ्र संपादित करते हुए प्रतिदिन की आख्या उपजिलाधिकारी खैर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## ऋषीन्द्र कुमार सिंह जिलाध्यक्ष और मोहित जैन बने जिला मंत्री

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का जिला अलीगढ़ का वार्षिक निर्वाचन बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज अलीगढ़ में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी डॉक्टर आलोक दुबे (मंडलीय मंत्री) की मौज. ूदगी में समस्त पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। इस बार शिक्षक संघ ने जिले की कमान युवाओं की हाथों में सौंप दी है। जिला अध्यक्ष के पद पर ऋषीन्द्र कुमार सिंह, जिला मंत्री के पद पर मोहित जैन, कोषाध्यक्ष हुकुम सिंह व आय व्यय निरीक्षक अजय कुमार शर्मा को चुना गया। जिला उपाध्यक्ष के पदों पर मस्तान सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र, देवेंद्र कुमार अग्रवाल, अनीता वर्मा जिला संयुक्त मंत्री के पद पर राजेश कुमार शर्मा, नीरज सिंह, जसवीर सिंह पृथ्वीराज शर्मा, बीना सागर सिसिलिया सदस्य जिला कार्यकारिणी के पद पर इंद्र कुमार, प्रमोद कुमार शर्मा, सत्यदेव नागर, पुष्कर शर्मा, सत्येंद्र कुमार शर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, कमलेश कुमार यादव, डॉ रमन कुमार, चित्रा सिंह, राजीव शर्मा, अमृतलाल, सूर्यकांता पर निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी के रुप में आलोक दुबे जी एवं प्रेमपाल कुशवाह जिलाध्यक्ष एटा ने नामाकन पत्रो की जांच के उपरांत प्रत्येक पद के सापेक्ष एक ही नामाकन होने पर सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार यादव प्रांतीय मंत्री,के०पी० सिंह,महेश कुमार, मुकेश कुमार शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। पूर्व सदस्य विधान परिषद जगवीर किशोर जैन ने नवीन कार्यकारिणी को आशीर्वाद एवं दिशा निर्देश प्रदान किए।नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 05 जनवरी 2025 को बाबू लाल जैन इंटर कॉलेज अलीगढ़ में आयोजित किया जाएगा।



# शेयर बाजार के निवेशक मना रहे क्रिसमस, अगले एक हफ्ते तक बाजार में रहेगा हॉलिडे मूड

क्रिसमस के त्योहार के चलते आज 25 दिसंबर को केवल भारत ही नहीं दुनियाभर के शेयर बाजार में छुट्टी है. घरेलू शेयर बाजार में आज ना तो बीएसई और एनएसई पर कोई कारोबार हो रहा है, ना ही कमोडिटी मार्केट में कोई ट्रेड हो रहा है और ना ही करेंसी मार्केट आज खुला है. इक्विटी सेगमेंट, डेरिवेटिव सेगमेंट और एसएलबी सेगमेंट आज क्लोज हैंअगले हफ्ते है नए साल का अवकाशइसके साथ ही साथ अब ग्लोबल बाजारों में न्यू ईयर की खुमारी नजर आ रही है. मौजूदा हफ्ता जहां 4 कारोबारी सेशन का है वहीं अगले हफ्ते बुधवार के ही दिन नया साल 2025 शुरू हो रहा है और इस दिन भी दुनियाभर के बाजारों में से कई बाजार बंद रहने वाले हैं. ग्लोबल बाजारों में नए साल का अवकाश जरूर रहता है लेकिन भारतीय बाजारों में 1 जनवरी को छुट्टी नहीं रहती है और इस दिन स्टॉक एक्सचेंज से लेकर देश में बैंक, सरकारी दफ्तर आदि सब खुले रहते हैं. हां कुछ चुनिंदा कॉरपोरेट ऑफिसेज जो ग्लोबल कैलेंडर फॉलो करते हैं वहां अवश्य नए साल का अवकाश देखा जाता है.शेयर बाजार में आने वाले कुछ दिन रहेंगे सुस्त विदेशी निवेशकों की तरफ से साल के आखिरी के कुछ दिन और नए साल की शुरुआत के समय बाजार में वैसा उत्साह नहीं देखा जाता है, जैसा बाकी समय जारी रहता है. पिछले कई सालों का ट्रेंड ये बताता है कि विदेशी निवेशक साल के अंत में दुनियाभर के बाजारों में से अपना निवेश भुनाते हैं यानी पैसा निकालते हैं और इसका इस्तेमाल अपने छुट्टियों के खर्च और वैकेशन–टूर आदि पर करते हैं. साल के आखिरी के इन दिनों में सर्दी के लिहाज से भी देखें तो ये अपने चरम पर होती है और इसके दौरान बर्फबारी होने वाली जगहों पर टूरिस्ट जमकर जाते हैं. इसके आधार पर कहा जा सकता है कि अगले एक हफ्ते तक शेयर बाजार में हॉलिडे मूड देखा जाने वाला है.

## YouTube से होने वाली कमाई पर कितना लगता है टैक्स



आज के समय में यूट्यूब चौनल चलाना आय का एक बड़ा सोर्स हो गया है. भारत में लाखों करोड़ों लोग हैं जो अपना यूट्यूब चौनल चलाते हैं. इसमें कई ऐसे लोग भी हैं जो हर महीने इस काम से लाखों रुपये कमाते हैं. लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस कमाई पर भी सरकार को टैक्स देना होता है. चलिए, आज जानते हैं कि अगर आप यूट्यूब से कमाई कर रहे हैं तो इस पर आपको कितना टैक्स देना होगा.टैक्स के नियम यूट्यूब से होने वाली कमाई पर टैक्स कितना लगेगा यह इस बात पर निर्भर करता है कि इसे ष्अन्य स्रोतों से आयष या ष्व्यापार और पेशे से आयष में रखा गया है. अधिकतर मामलों में इसे व्यापार आय माना जाता है और इस पर आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधान लागू होते हैं1 करोड़ से कम की आय पर टैक्स अगर कुल आय 1 करोड़ से कम है, तो करदाता को सामान्य टैक्स प्रक्रिया का पालन करना होता है. वित्तीय रिकॉर्ड रखना जरूरी है, लेकिन टैक्स ऑडिट की आवश्यकता नहीं होती.1 करोड़ से अधिक की आय पर लेकिन अगर आय 1 करोड़ से अधिक है, तो धारा 44।ठ के तहत टैक्स ऑडिट कराना अनिवार्य है. ऐसे में चौनल मालिक को चार्टर्ड अकाउंटेंट के माध्यम से ऑडिट कराना होता है. नेट टैक्सेबल इनकम व्यापार खर्च और डिप्रिशिएशन को घटाने के बाद की जाती है.जीएसटी भी लगता है यूट्यूब से विज्ञापन आय पर 18: जीएसटी (9: सीजीएसटी और 9: एसजीएसटी) लागू होता है. इसके लिए यूट्यूब क्रिएटर्स को जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है.

## पॉपकॉर्न पर लगेगा 3 तरह से जीएसटी, कंफ्यूज . ना हों-समझें टैक्स का सारा हिसाब-किताब



सिनेमाघरों से लेकर दुकानों तक और लोकल पॉपकॉर्न बेचने वालों के मन में ये सवाल है कि जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक में पॉपकॉर्न पर टैक्स को लेकर क्या फैसला हुआ है. अगर आप भी पॉपकर्न के जीएसटी को लेकर कंफ्यूज हैं तो यहां आपका सारा असमंजस दूर हो जाएगा. केंद्र सरकार ने जीएसटी काउंसिल के फैसलों को लेकर एक कंप्लीट एफएक्यू (थ्।फ) जारी किया है और इसमें पॉपकॉर्न पर जीएसटी को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई है.सबसे पहले तो आप ये जान लीजिए कि पॉपकॉर्न पर जीएसटी रेट में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है और सरकार ने इसे लेकर स्पष्टीकरण जारी किया है. हाल ही में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में पॉपकॉर्न पर जीएसटी दर में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई, केवल इसको अलग–अलग तरह से क्लासीफाई करने के बाद जो जीएसटी लागू होगा, उसको साफ तरीके से बताया गया है.सवालः क्या सिनेमाघरों में पॉपकॉर्न महंगे हो जाएंगे? उत्तररू आम तौर पर पॉपकॉर्न सिनेमाघरों में ग्राहकों को खुले रूप में परोसा जाता है और तब तक रेस्तरां सर्विस पर लागू होने वाली 5 परसेंट का टैक्स रेट लागू रहेगा. इस तरह लूज पॉपकॉर्न पर 5 फीसदी जीएसटी ही रहेगा.किस पॉपकॉर्न पर लगेगा 5 परसेंट जीएसटी– जानेंमूवी थियेटर में खुले रूप में बेचे जाने वाले पॉपकॉर्न पर 5 फीसदी की दर से जीएसटी लागू रहेगा. अगर पॉपकॉर्न को मूवी टिकट के साथ बेचा जाता है, तो उस पर टिकट पर लागू दर के अनुसार जीएसटी लगेगा. नमक और मसालों के साथ मिलाए गए पॉपकॉर्न को नमकीन के रूप में क्लासीफाई किया जाता है और इस पर भी 5 फीसदी टैक्स लगता है. मूवी थियेटर में खुले रूप में बेचे जाने वाले पॉपकॉर्न पर रेस्तरां की तरह ही 5 फीसदी की दर से जीएसटी लागू रहेगा. हालांकि, अगर पॉपकॉर्न को मूवी टिकट के साथ मिलाकर बेचा जाता है तो इस सप्लाई को एक कंपोजिट सप्लाई (समग्र आपूर्ति) माना जाएगा और उस पर मुख्य आपूर्ति यानी टिकट की लागू दर के मुताबिक टैक्स लगाया जाएगा. किस पॉपकॉर्न पर है 12 परसेंट जीएसटीजिस पॉपकॉर्न को नमक और मसालों (सॉल्ट और स्पाइसेज) के साथ मिलाया गया हो उसे जीएसटी नियम के तहत नमकीन की कैटेगरी में रखा गया है और इस पर 5 फीसदी टैक्स लगता है. वहीं पॉपकॉर्न को अगर पहले से पैक और लेबल किया हुआ होता है, तो यह दर 12 फीसदी होती है. जीएसटी एफएक्यू में बताया गया है कि भारत नमकीन को पहले से पैक और लेबल किए गए फॉर्म के अलावा अन्य रूप में बेचने पर 5 परसेंट जीएसटी लगता है और प्री–पैकेज और लेबल वाले फॉर्म में बेचने पर 12 परसेंट जीएसटी लगता है. कैरेमलाइज्ड पॉपकॉर्न पर लगेगा 18 परसेंट जीएसटी कुछ स्पेशल वस्तुओं को छोड़कर सभी चीनी कन्फेक्शनरी पर 18 परसेंट जीएसटी लगता है और इस लिहाज से कैरेमलाइज्ड पॉपकॉर्न पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लागू होगा.

अलग–अलग तरह के पॉपकॉर्न पर अलग–अलग जीएसटी रेट का आधार क्या है? खाद्य पदार्थों सहित सभी वस्तुओं को हार्मोनाइज्ड सिस्टम (एचएस) क्लासीफिकेशन के मुताबिक जीएसटी के तहत क्लासीफाई किया गया है, जो विश्व सीमा शुल्क संगठन (डब्ल्यूसीओ) द्वारा डेवलप एक मल्टीनेशनल सामान नामकरण है. इस सिस्टम का इस्तेमाल 200 से ज्यादा देशों में किया जाता है जो 98 परसेंट से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को कवर करता है. अलग–अलग जीएसटी दरें सिर्फ भ्ै सिस्टम के विभिन्न अध्यायों के तहत वस्तु के वर्गीकरण के नतीजों के तौर पर आती हैं.

# मुकेश अंबानी की 90 साल की मां कोकिलाबेन आखिर क्यों पहनती हैं इतना गुलाबी





एशिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में शुमार मुकेश अंबानी को भला कौन नहीं जानता। बिजनेसमैन न सिर्फ अपने बिजनेस, बल्कि लग्जरी लाइफस्टाइल को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। खासकर उनके घर की महिलाओं का फैशन अच्छे– अच्छों की पीछे छोड़ जाता है। जिसमें उनकी 90 साल की मां कोकिलाबेन अंबानी का अंदाज तो लगभग एक जैसा होने के बाद भी हर बार दिल जीतता है।वैसे तो कोकिलाबेन अक्सर ही साड़ी में नजर आती हैं, लेकिन इसमें ध्यान देने वाली बात है कि उनकी ज्यादातर साड़ियां गुलाबी रंग की ही होती हैं। वह सिर्फ डिजाइन में बदलाव करती हैं। यही नहीं गुलाबी रंग से तो उनका कुछ अलग ही लगाव है, तभी तो बर्थडे पर उनका पूरा कमरा ही गुलाबी था। ऐसे में चलिए उनके कुछ ऐसी ही लुक्स से आपको रूबरू कराते हैं।कोकिलाबेन को पिछले हफ्ते ही धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल के एनुअल डे पर देखा गया। जहां हमेशा की तरह मुकेश अंबानी की मां गुलाबी साड़ी पहनकर पहुंचीं। क्योंकि ये उनका सबसे पसंदीदा रंग है और इसलिए वह गुलाबी कपड़ों को ही तवज्जो देती हैं।यहां उनकी साड़ी पर वाइट पोल्का डॉट्स के साथ बॉर्डर पर फ्लोरल कढ़ाई की गई। जिससे लुक में शाइन आई, तो मैचिंग हाफ स्लीव्स ब्लाउज से इसे स्टाइल किया। सेम इसी तरह की साड़ी पहनकर वह अपनी बेटी दीप्ति सालगांवकर के साथ के इवेंट में आई थीं।यहां कोकिलाबेन पोते आकाश अंबानी और पोता बहू श्लोका अंबानी के साथ नजर आ रही हैं। जहां उन्होंने सिल्क की साड़ी पहन अपना थोड़ा–सा अंदाज बदला, लेकिन कलर चेंज नहीं किया। उनकी साड़ी पर सुनहरी बूटियों के साथ चौड़ा बॉर्डर है। ऐसे में उनका लुक पहले लुक से कुछ अलग लगा, लेकिन गुलाबी रंग के लिए उनका प्यार नहीं बदला। जिसमें मोतियों वाली माला पहन वह प्यारी दिखीं।कोकिलाबेन की साड़ियों पर अमूमन ज्यादा वर्क नहीं होता। साड़ी के बॉर्डर के साथ उस पर बनी बूटियां ही लुक को खास बना देती हैं। जैसा पैटर्न उनकी ज्यादाकर साड़ियों में होता ही है। लेकिन, इस लुक के लिए वह अनियन पिंक कलर की प्लेन साड़ी पहनकर आईं। जिसे दो लेयर वाले बॉर्डर से खूबसूरत बनाया। इसके साथ उनका हाफ स्लीव्स बॉर्डर वाला ब्लाउज और हीरे के गहनों वाला अंदाज बढ़िया लगा।हालांकि, ऐसे भी नहीं है कि कोकिलाबेन कोई और कलर पहनती ही नहीं। वह बहुत से रंगों में नजर आती हैं, लेकिन गुलाबी की बात अलग ही है। पर हां, वह अपने साड़ी लुक में एक बात का ख्याल जरूर रखती हैं कि इसमें कुछ भी ओवर द टॉप न हो। हर साड़ी पर सटल वर्क होता है, जो उनके लुक की खास बात है।जैसे कि यहां कोकिलाबेन कमलकारी साड़ी पहने नजर आ रही हैं। जिस पर हरे, पीले,सफेद और लाल रंग सेज्योमेट्रिकल और एनिमल मोटिफ्स बनाए गए। जिसेउन्होंने गुजराती तरह से स्टाइल किया। जिससे साफ है कि उन पर गहरे रंग भी जचते हैं।कोकिलाबेन की साड़ियों में एक और समानता है कि उनके सिर्फ बॉर्डर को हैवी रखा जाता है। अब यहां देख लीजिए, वाइट और रेड कलर के कॉम्बिनेशन वाली इस लहरिया प्रिंट साड़ी में उनका अंदाज काबिल–ए–तारीफ है। जिसके बॉर्डर को जरी और क्रिस्टल वर्क से सजाया गया। जिसके साथ उनका हैवी ब्लाउज कमाल का लगा। वहीं, क्लासी जूलरी, रेड बिंदी और रेड लिप्स हर लुक में सेम है।

**अर्थशास्त्रियों के साथ पीएम मोदी ने की बैठक बजट** 2025–26 को पेश करने की तैयारी जोरो–शोरो से चल रही है. इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की और उनसे तमाम मुद्दों पर सुझाव लिए. आपको बता दें, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में बजट पेश करेंगी. इस बैठक में साल 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लक्ष्यों को हासिल करने पर विशेष ध्यान दिया गया. इकोनॉमी ग्रोथ बढ़ाने पर हुई चर्चा आज हुई बैठक में अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों की टीम ने कई अहम विषयों पर अपना सजेशन पीएम को दिया. इनमें विश्व स्तर पर आर्थिक चुनौतियों से किस तरह से निपटा जाए, भू–राजनीतिक तनावों से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान कैसे किया जाए, युवाओं में रोजगार को कैसे बढ़ाया जाए, सभी सेक्टरों में इकोनॉमी ग्रोथ बढ़ाने की रणनीतियों समेत कई अन्य चर्चाएं भी हुईं. बैठक में एजुकेशन पैटर्न और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को इस तरह से डिजाइन किए जाने पर भी बात हुई, जिससे जॉब मार्केट की उभरती जरूरतों को पूरा किया जा सके. इसके अलावा, कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करना, प्राइवेट इंवेस्टमेंट को बढ़ावा देना भी बहस का मुद्दा रहा. विशेषज्ञों ने एक्सपोर्ट्स को बढ़ाने और विदेशी निवेशकों को देश में निवेश के लिए आकर्षित करने पर भी अपने सुझाव दिए ताकि आर्थिक विकास के साथ लोगों को रोजगार भी अधिक से अधिक संख्या में मिल सके. बैठक में ये रहे शामिलआज बैठक में शामिल हुए अर्थशास्त्रियों व विश्लेषकों में डॉ. सुरजीत एस भल्ला, डॉ. अशोक गुलाटी, डॉ. सुदीप्तो मुंडले, श्री धर्मकीर्ति जोशी, श्री जन्मेजय सिन्हा, मदन सबनवीस, प्रो. अमिता बत्रा, रिदम देसाई, प्रो. चेतन घाटे, प्रो. भरत रामास्वामी, डॉ. सौम्य कांति घोष, सिद्धार्थ सान्याल, डॉ. लवीश भंडारी, रजनी सिन्हा, प्रो. केशव दास डॉ. प्रीतम बनर्जी, राहुल बाजोरिया, निखिल गुप्ता और प्रो. शाश्वत आलोक रहे, जिन्हें पीएम मोदी में धन्यवाद दिया. इस दौरान वित्त मंत्री भी उपस्थित रहीं. इसके साथ ही वह प्री–बजट शेड्यूल के तहत 26 दिसंबर को ट्रेड एंड सर्विस सेक्टर के साथ बैठक करेंगी.

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -सम्पादक
मो:-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा